# डिजिटल वर्ल्ड में अवसर के साथ चुनौतियां भी

## सीआईएमपी में उद्यमिता और इसके डेवलपमेंट पर हुई चर्चा

patna@inext.co.in

**PATNA (22 Aug):** डिजिटाइजेशन, साइबर सिक्योरिटी, डेटा एनालिसिस और डेवलपमेंट विषय में कई अवसर और चुनौतियां है. यदि आप इन चीजों से अपडेट नहीं हैं तो मुश्किल है आगे बढ़ना. वहीं, इस बात पर भी ध्यान रखना होगा कि इसमें जो थ्रेड है, उससे भी बचाव करें. जैसे - डेटा की चोरी से कई मुसीबतें खड़ी हो जाती है. ये बातें सीआईआई बिहार स्टेट काउंसिल के निदेशक सचिन चंद्रा ने कही. यह मौका रहा चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का. इस कार्यक्रम में सचिन चंद्रा ने बताया कि इंटरनेट रिवोल्यूशन के बाद काफी कुछ बदलाव हुआ है लेकिन इसके साथ कई प्रकार के अवसरों को भी लक्ष्य आधारित तरीके से देखना जरूरी हो गया है. इससे पहले कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ और सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह ने की. वेलकम स्पीच राणा सिंह ने किया. सीआईएमपी के बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा यह आयोजन था.



### लोगों ने शेयर किया एक्सपीरियंस

स्टार्ट अप, रियल इस्टेट, ऑनलाइन मार्केटिंग सहित कई सेक्टरों के जाने-माने एक्सपर्ट एवं बिजनेसपर्सन इस अवसर पर मौजूद रहे. इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए. भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तहत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डॉ. हनीफ मेवाती ने उद्यमिता के ऐतिहासिक महत्व और अर्थव्यवस्थाओं को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर एक ज्ञानवर्धक लेक्चर दिया. एमएसएमई पटना के प्रदीप कुमार ने विश्वकर्मा योजना से परिचित कराया और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एमएसएमई के महत्व पर जोर दिया.

### माहौल बनाने में मदद

इस आयोजन में उद्यमियों, स्टार्टअप्स और छात्रों की जबरदस्त पार्टिसिपेशन देखी गई. इन सभी में सीखने, नेटवर्किंग और प्रेरणा का माहौल तैयार हुआ. कार्यक्रम के दौरान एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें ग्लोबल ब्यूटी सीक्रेट्स की संस्थापक ऐश्वर्या स्वर्ण नीर सहित यूनिकॉर्न स्टार्टअप इलास्टिक रन के बिजनेस ओनर सौरेंद्र कुमार, उत्तराखंड स्थित स्टार्टअप, वैली कल्चर से रॉबिन नागर समेत कई अन्य उपस्थित रहे.

### आदतें भी बनाती है सफल

इस मौके पर दर्शकों को एड्रेस करते हुए उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने बिहार की महिमा और रणनीतिक उद्यमशीलता प्रबंधन में ब्रेकईवन प्वाइंट के महत्व के बारे में अपने विचार साझा किया. उन्होंने उद्यमिता की दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आदतों पर जोर देते हुए युवा दर्शकों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया. सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमोद कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया. उन्होंने सत्र के दौरान उपस्थित सम्मानित अतिथियों, प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों, छात्रों, कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया.

I-Next ! Page No - 07 ! Date - 23-08-2023 !

# उद्यमिता की दुनिया में सफलता के लिए युवाओं की अहम भूमिका : समीर महासेठ

**पटना (आससे)।** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें, उद्यमी और महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तक एक साथ आए। सीआईएमपी के बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम संस्थान के सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ की उपस्थिति रही। बिहार के प्रमुख उद्योगपतियों एवं उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी भी इस कार्यक्रम में देखने को मिली। उद्योग मंत्री ने दर्शकों को बिहार की महिमा और रणनीतिक उद्यमशीलता प्रबंधन में ब्रेकईवन बिंदु के महत्व के बारे में अपने विचार साँझा किया। उन्होंने उद्यमिता की दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आदतों पर जोर देते हुए युवा दर्शकों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। डॉ. सिंह ने विशिष्ट अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और बड़े पैमाने पर




उपस्थित दर्शकों को विश्व उद्यमिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने उद्घाटन भाषण में, डॉ. राणा सिंह ने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने वाले आधुनिक अग्रदूतों के रूप में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, उनके प्रयासों और देश की प्रगति में योगदान देने वाले समर्पित किसानों के प्रयासों के बीच समानताएं चित्रित कीं। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तहत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डॉ. हनीफ मेवाती ने उद्यमिता के ऐतिहासिक महत्व और अर्थव्यवस्थाओं को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। एमएसएमई पटना के प्रदीप कुमार ने दर्शकों को विश्वकर्मा योजना से परिचित कराया और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एमएसएमई के महत्व पर जोर दिया। नाबार्ड, बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक सतपाल आज़ाद ने उद्यमियों के लिए सफलता के मूल्य और केंद्रित प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न पहलों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। इस आयोजन में उद्यमियों, स्टार्टअप्स और छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई, जिससे सीखने, नेटवर्किंग और प्रेरणा का माहौल तैयार हुआ।

Aaj ! Page No - 09 ! Date - 23-08-2023 !

# युवाओं में उद्यमिता का विकास होना आवश्यक : समीर




पटना/का.सं। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना की ओर से विश्व उद्यमिता दिवस 2023 के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने दर्शकों को बिहार की महिमा और रणनीतिक उद्यमशीलता प्रबंधन में ब्रेकईवन बिंदु के महत्व के बारे में अपनेविचारसाँझाकिया। उन्होंने उद्यमिता की दुनिया में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आदतों पर जोर देते हुए युवा दर्शकों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरूआत सीआईएमपी के निदेशक डॉ राणा सिंह के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। अपने उद्घाटन भाषण में, डॉ. राणा सिंह ने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने वाले आधुनिक अग्रदूतों के रूप में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, उनके प्रयासों और देश की प्रगति में योगदान देने वाले समर्पित किसानों के प्रयासों के बीच समानताएं चित्रित कीं। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तहत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशकडॉ. हनीफ मेवाती ने उद्यमिता के ऐतिहासिक महत्व और अर्थव्यवस्थाओं को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। एमएसएमई पटना के प्रदीप कुमार ने दर्शकों को विश्वकर्मा योजना से परिचित कराया और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एमएसएमई के महत्व पर जोर दिया। नाबार्ड, बिहार के क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक सतपाल आजाद ने उद्यमियों के लिए सफलता के मूल्य और केंद्रित प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न पहलों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। सीआईआई बिहार स्टेट काउंसिल के निदेशक सचिन चंद्रा ने डिजिटल उद्यमिता की चुनौतियों और अवसरों पर गहराई से अपनेविचार प्रस्तुतकिया। उन्होंने डिजिटलीकरण, साइबर सुरक्षा, डेटा विश्लेषण और विकास के लिए इसके अनुप्रयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

Sanmarg ! Page No - 02 ! Date - 23-08-2023 !

# स्वरोजगार के लिए युवा उठाएं उद्यमी योजना का लाभ : मंत्री

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) ने विश्व उद्यमिता दिवस पर बिजनेस इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने उद्यमी के लिए राज्य में संचालित विविध योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को उद्यमी बनाने के लिए हर स्तर पर सहायता प्रदान कर रही है। छात्र इसका लाभ उठाएं। निदेशक प्रो. राणा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डा. हनीफ मेवाती ने उद्यमिता के ऐतिहासिक महत्व और अर्थव्यवस्था को आकार देने में इसकी भूमिका पर व्याख्यान दिया। एमएसएमई पटना के प्रदीप कुमार ने विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। नाबार्ड बिहार के उप महाप्रबंधक सतपाल आजाद ने कहा कि नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी उद्यमी उठा रहे हैं।

Danik Jagran ! Page No - 07 ! Date - 23-8-2023 !

# आर्थिक विकास में उद्यमियों की भूमिका महत्वपूर्ण

पटना (एसएनबी)। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें उद्यमी और महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तक एक साथ आए। सीआईएमपी के बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 21 अगस्त 2023 को संस्थान के सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ की उपस्थिति रही। बिहार के प्रमुख उद्योगपतियों एवं उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी भी इस कार्यक्रम में देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर राणा सिंह के स्वागत के साथ हुई। डॉ. सिंह ने विशिष्ट अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और बड़े पैमाने पर उपस्थित दर्शकों को विश्व उद्यमिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. राणा सिंह ने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने वाले आधुनिक अग्रदूतों के रूप में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

■ विश्व उद्यमिता दिवस 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये गये विचार

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तहत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक डॉ हनीफ मेवाती ने उद्यमिता के ऐतिहासिक महत्व और अर्थव्यवस्थाओं को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। एमएसएमई पटना के प्रदीप कुमार ने दर्शकों को विश्वकर्मा योजना से परिचित कराया और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एमएसएमई के महत्व पर जोर दिया। नाबार्ड, बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक सतपाल आजाद ने उद्यमियों के लिए सफलता के मूल्य और केंद्रित प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न पहलों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला।

Rashtriya Sahara ! Page No - 04 !
Date - 23-08-2023 !